**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2025 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री अनूप कुमार गुप्ता, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-34 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 34-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र सं0-356/BJPUP/2024 दिनांक 18/12/2024, जो कि बड़ी बसही जनपद-मिर्जापुर क्षेत्र के शाक्तेश्वर नाथ महादेव मंदिर के आस-पास लो वोल्टेज की समस्या के निदान के लिए 250 के0बी0ए0 ट्रान्सफार्मर एवं 450 मीटर के आस-पास 11 के0बी0 लाइन के लिए लगभग 9 से 12 पोल लगवाये जाने के सम्बन्ध में प्रेषित था ? | जी हॉ। |
| (ख) उक्त प्रेषित पत्र कब प्राप्त हुआ व पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे ? | उक्त प्रेषित पत्र दिनांक 24.12.2024 को प्राप्त हुआ तथा पत्र के मुख्य बिन्दु लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान से संबंधित था। |
| (ग) क्या शाक्तेश्वर नाथ महादेव मंदिर के आस-पास लो वोल्टेज की हो रही समास्या का निदान करायेंगे ? | संदर्भित क्षेत्र के लो-वोल्टेज की समस्या के निदान हेतु निम्नवत् कार्य कराये गये हैं-<br>1. लो-वोल्टेज की समस्या हेतु उक्त क्षेत्र को पोषित करने वाले 11 के०वी० विंध्याचल फीडर के भार को कम करके 11 के0वी0 अष्टभुजा फीडर पर डाल दिया गया है, जिससे लो-वोल्टेज की समस्या कम हुयी है।<br>2. उक्त क्षेत्र को पोषित करने वाले 250 के०वी०ए० के परिवर्तक को क्षमतावृद्धि कर 400 के०वी०ए० कर दिया गया है, जिससे लो-वोल्टेज की समस्या में सुधार हुआ है। |

3. 400 के०वी०ए० परिवर्तक पर एक अतिरिक्त ए०बी०सी० केबिल की सर्किट डाल कर लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान कर दिया गया है।

उक्त कार्यों से बड़ी बसही जनपद-मीरजापुर क्षेत्र के शक्तेश्वर नाथ महादेव मंदिर के आस-पास के क्षेत्र की लो-वोल्टेज की समस्या का समाधान हो गया है।

(घ) यदि हॉ, तो कब ? — उपरोक्तानुसार।

(ड़) यदि नही, तो क्यों ? — प्रश्न नहीं उठता।

**ए.के. शर्मा**
**ऊर्जा मंत्री।**